# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल,नोएडा
## वार्षिक परीक्षा 2025-26
## कक्षा :9 विषय : हिंदी बी/ कोड (085)
## सेट – ए

**दिनांक व दिन: 18 फरवरी 2026, बुधवार** **निर्धारित समय: 3 घंटे**

**अधिकतम अंक:80** **अनुक्रमांक:-------**

**नाम : __________**

---

***सामान्य निर्देश:***

** इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है- खंड क , ख , ग और घ*

** दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

** परीक्षा पत्र में 9 पृष्ठ तथा 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

** यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।*

## खंड- क (अपठित गद्यांश 14 अंक )

**प्रश्न1. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (7)**

पुस्तकें हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे न केवल हमें ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें जीवन की नई दिशाओं से परिचित कराती हैं। एक अच्छी पुस्तक व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने में मदद करती है और उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। बचपन से ही पुस्तक पढ़ने की आदत डालना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह आदत हमें न केवल ज्ञानवान बनाती है, बल्कि हमारी सोचने की क्षमता को भी विकसित करती है। पुस्तकों की विभिन्न विधाएँ होती हैं, जैसे कहानी, कविता, उपन्यास, आत्मकथा और नाटक। हर विधा का अपना एक अलग महत्त्व होता है। कहानी और उपन्यास हमें जीवन की जटिलताओं को समझने में मदद करते हैं, जबकि आत्मकथा और जीवनियाँ हमें महान व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा देती हैं। कविता हमें भावनाओं की गहराई तक ले जाती है और नाटक जीवन की विविधता को दर्शाते हैं।आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्त्व कम नहीं हुआ है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में भी पुस्तकें हमें स्थायी ज्ञान और मनोरंजन का माध्यम प्रदान करती हैं। इसलिए हमें पुस्तकों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए और उनसे मिलने वाले ज्ञान और प्रेरणा का लाभ उठाना चाहिए।

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: (1x3=3)**

**(i) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?**

(क) पुस्तकों की विधाएँ

(ख) पुस्तकों का महत्त्व

(ग) डिजिटल युग में ज्ञान

(घ) आत्मकथाओं का प्रभाव

**(ii) पुस्तकें हमारा मनोरंजन भी करती हैं- पंक्ति से क्या आशय है?**

(क) पुस्तकें केवल शिक्षा के लिए होती हैं|

(ख) पुस्तकें केवल ज्ञान प्रदान करती हैं|

(ग) पुस्तकें हमें खुश रखने में मदद करती हैं|

(घ) पुस्तकें उबाऊ होती हैं|

**(iii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए -**

**कथन : पुस्तक पढ़ने की आदत बचपन से डालनी चाहिए।**

**निष्कर्ष : इससे व्यक्ति का बौद्धिक विकास होता है।**

(क) कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।,'

(ख) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

(ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

(घ) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

**(iv) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए**: (**2x2=4**)

(घ) हर विधा का अपना एक अलग महत्त्व होता है- ऐसा किस संदर्भ में कहा गया है ?
(ङ) डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्त्व क्यों है?

**प्रश्न 1.ब) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (7)**

मनुष्य संसार का एक श्रेष्ठ प्राणी है | ईश्वर ने उसे चिंतन और मनन की अद्‌भुत शक्ति प्रदान की है |वह जिस संसार में रहता है , उसके आधार पर वह एक और संसार बसा लेता है। वह संसार उसके सपनों का संसार होता है। प्रत्येक मनुष्य के सामने कुछ आदर्श होते हैं, उनकी महत्वाकांक्षाएँ होती हैं, जिनको वह अपने जीवन में साकार करने के लिए उतावला हो जाता है। हर एक व्यक्ति अपनी-अपनी रुचि के

अनुसार अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित करता है। कोई डॉक्टर बनने की इच्छा से प्रेरित है, तो कोई इंजीनियर बनने के सपने साकार करना चाहता है। कोई उद्योगपति बनकर देश का उद्धार करना चाहता है। कोई अभिनेता बनना चाहता है और देश के जन-जीवन के पटल पर छाकर अपनी प्रशंसा पाना चाहता है। कोई स्कूल खोलकर इस अंधी दुनिया को प्रकाश देना चाहता है। भाव यह है कि संसार में कोई भी मनुष्य ऐसा नहीं है, जो कुछ-न-कुछ न बनना चाहे। ध्येय अथवा लक्ष्य के बिना जीवन निरर्थक है। ध्येयहीन जीवन ऐसा ही है जैसे कोई नाविक बिना पतवार के नाव को समुद्र में भाग्य के भरोसे छोड़ दे। उसका परिणाम भयंकर ही होगा। जीवन में लक्ष्य का चुनाव अपनी इच्छाओं एवं अपने साधनों के अनुरूप करना चाहिए। ध्येय चुनते समय स्वार्थ और परमार्थ में समन्वय रखना चाहिए। अपनी रुचि एवं प्रवृत्ति को भी सामने रखना चाहिए। यह विश्वास रखना आवश्यक है कि जो लक्ष्य उसने चुना है, वह स्वयं उसके लिए महान हो, भले ही लोग उसे सामान्य मानें।

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:** **(1x3=3)**

**(i) ध्येय के चुनाव में किनके समन्वय का ध्यान रखना चाहिए?**

(क) स्वार्थ और परमार्थ का

(ख) धनी और निर्धन का

(ग) ऊँची-नीच का

(घ) नर और मादा का

**(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन (A): मनुष्यों में चिंतन मनन करने की अद्भुत शक्ति है।**

**कारण (R): प्रत्येक मनुष्य की अपनी महत्वाकांक्षाएँ होती हैं।**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(iii) उपर्युक्त गद्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**

(क) प्रत्येक मनुष्य का कोई-न-कोई लक्ष्य होता है।

(ख) ध्येयहीन जीवन निरर्थक है।

(ग) जीवन में लक्ष्य का चुनाव केवल अपने साधनों के अनुरूप करना चाहिए।

(घ) ध्येय चुनते समय स्वार्थ और परमार्थ में समन्वय रखना चाहिए।

**(iv) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए:** (**2x2=4**)

(क) ध्येयहीन जीवन कैसा होता है?

(ख) मनुष्य अपने लक्ष्य का निर्धारण किस प्रकार से करता है?

## <u>खंड –ख (व्यावहारिक व्याकरण 16 अंक )</u>

**प्रश्न 2.अ) शब्द –पद पर आधारित निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x2=2)**

(क) पद किसे कहते हैं ?
(ख) <u>मोहिनी</u> नृत्य करती है | (इस वाक्य में मोहिनी क्या है ?)
(ग) वर्णों का सार्थक मेल ----------- कहलाता है । ( रिक्त स्थान भरें )

**प्रश्न 2.ब ) अनुस्वार – अनुनासिक पर आधारित निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लिखिए-**
**(1x2=2)**

(क) 'सतुलन','रोमाचक' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर लिखिए |
(ख) उचित स्थान पर अनुनासिक लगाते हुए दो अनुनासिक वाले शब्द चुनकर लिखें-
आशका , अधेरा , सघर्ष , भावनाए
(ग) 'सम्पत्ति' और 'अत्यन्त' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप में लिखिए ।

**प्रश्न3) उपसर्ग–प्रत्यय पर आधारित निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों उत्तर लिखिए – (1x4=4)**

(क) 'अप' उपसर्ग के योग से बने दो शब्द लिखिए |
(ख) 'ईय' प्रत्यय के योग से बने दो शब्द लिखिए |
(ग) 'वि' उपसर्ग किस मूल शब्द में जोड़ने पर सार्थक शब्द बनेगा ?
(घ) 'लिखावट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिए |
(ङ) 'प्रसन्न' शब्द में उचित प्रत्यय लगाकर शब्द का सही रूप लिखिए |

**प्रश्न4) निम्नलिखित 'विराम चिह्न' पर आधारित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए –**
**(1x2= 2)**

(क) हर्ष , शोक , घृणा जैसे मनोभावों को प्रकट करने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(ख) अल्प विराम चिह्न का एक उदाहरण देते हुए यह बताएँ कि उसका इस्तेमाल कब किया जाता है ?
(ग) गीता का संदेश है कर्म करो फल की इच्छा मत करो ( वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाएँ )

**प्रश्न5) वाक्य भेद पर आधारित निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए - (1×3=3)**

(क) सूर्य पूर्व दिशा से उगता है । ( वाक्य का भेद लिखें )

(ख) आपकी यात्रा मंगलमय हो |  ( आज्ञावाचक वाक्य है – सही / गलत )
(ग) शायद हम घूमने जाएँ |  ` ( निषेधवाचक वाक्य में बदलें )
(घ) यह इमारत बहुत ऊँची है |  ( विस्मयवाचक वाक्य के रूप में लिखें )

**प्रश्न 6) निम्नलिखित 'संधि' पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (1x3=3)**

(क) वर्णों का मेल ------------- कहलाता है | ( खाली स्थान के लिए उचित शब्द लिखें )
(ख) 'देवालय' का संधि – विच्छेद करें |
(ग) 'महा + उदय ' की संधि से क्या शब्द बनता है ? लिखें |
(घ) 'दयानंद ' का संधि विच्छेद क्या होगा ?

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक -30 अंक)

**प्रश्न 7) निम्न पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखें – (1x5=5)**

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर ज़मीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। खरबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती। लड़का परसों सुबह मुँह अँधेरे बेलों में से पके खरबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डँस लिया।

**(i) गद्यांश में किसके लड़के की बात हो रही है?**

(क) लेखक के

(ख) दुकानदार के

(ग) गरीब बुढ़िया के

(घ) संभ्रांत महिला के

**(ii) 'कछियारी' का क्या अर्थ है?**

(क) खेतों में अनाज उगाना

(ख) खेतों में हल चलाना

(ग) खेतों में फूल उगाना

(घ) खेतों में तरकारियाँ बोना

**(iii) लड़का कितने वर्ष का था?**

(क) बत्तीस वर्ष

(ख) तेईस वर्ष

(ग) तेरह वर्ष

(घ) तैंतीस वर्ष

**(iv) लड़का मर गया क्योंकि ------दिए गए कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

1. वह काफ़ी दिनों से बीमार था।

2. वह किसी दुर्घटना का शिकार हो गया।

3. साँप ने लड़के को डँस लिया था।

4. वह भूख से तड़प रहा था।

(क) 1 और 3

(ख) 1, 2 और 4

(ग) केवल 3

(घ) 1,3 और 4

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A): जवान लड़का अपने घर का एकमात्र सहारा था।**

**कारण (R): लड़का डेढ़ बीघा जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था।**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 8) निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर</u> 25-30 शब्दों में लिखें -** **(3X2=6)**

(क) घर की स्वीट्नेस कब समाप्त हो जाती है ? पाठ ' तुम कब जाओगे अतिथि 'के आधार पर अपने विचार लिखिए ।

(ख) वे बोले, "देश को तुम पर गर्व है और तुम अब ऐसे संसार में वापस जाओगी ,जो तुम्हारे वापस छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा" – यह किसका कथन है और किस संदर्भ में कहा गया है ? पाठ 'एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) रामन के लिए नौकरी संबंधी कौन- सा निर्णय कठिन था ? उनका यह निर्णय क्यों सही था ? ? पाठ 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक : चंद्रशेखर वेंकट रामन ' के आधार पर तर्क पूर्ण उत्तर लिखें ।

(घ) देश और दुनिया को मुग्ध करके शुक्रतारे  की तरह अचानक अस्त हो गए – पाठ 'शुक्रतारे के समान' के आधार पर इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**प्रश्न9 ) निम्न पठित दोहों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखें–** **(1x5=5)**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।
प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।
प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करे रैदासा।

**(i) रैदास के अंग-अंग में क्या समाया हुआ है?**

(क) चंदन

(ख) जल

(ग) ईश्वर

(घ) प्रेम

**(ii) कवि ईश्वर की ओर आशा भाव से किस प्रकार देखते हैं?**

(क) जैसे किसान बादलों की ओर देखता है

(ख) जैसे पपीहा बादलों की ओर देखता है

(ग) जैसे चकोर चाँद की ओर देखता है

(घ) जैसे मोर बादलों की ओर देखता है.

**(iii) मोती के साथ मिलने से किसकी कीमत बढ़ जाती है?**

(क) सुहागे की

(ख) धागे की

(ग) व्यक्ति की

(घ) सोने की

**(iv) रैदास अपने को क्या मानते हैं?**

(क) ईश्वर का सखा

(ख) ईश्वर का पुत्र

(ग) ईश्वर का दास

(घ) ईश्वर सहचर

**(v) कवि ने चकोर पक्षी से किसकी तुलना की है?**

(क) कवि की प्रेयसी से

(ख) बादल-चंद्रमा से

(ग) भक्त से

(घ) सांसारिक मोह-माया से

**प्रश्न10) निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर</u> 25-30 शब्दों में लिखें -** **(3X2=6)**

**क)** 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के माध्यम से कवि ने किस समस्या ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया है ? इस समस्या के समाधान हेतु कोई दो उपाय लिखिए।

**ख)** 'गीत-अगीत' कविता में वर्णित नदी और गुलाब के मन की बात को कवि ने किस रूप में दर्शाया है ?|

**ग)** कवि रहीम ने 'लघु न दीजिए डारि' के माध्यम से मानव को क्या शिक्षा दी है ?

घ) 'अग्निपथ' कविता से प्राप्त किस सीख को आप अपने जीवन में अपनाना आवश्यक मानते हैं ?

**प्रश्न11) निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर</u> 50-60 शब्दों में लिखें -** **(4X2=8)**

**क)** किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ? 'स्मृति' पाठ के आधार पर बताइए |

**ख)** माँ अपनी संतान को दुखी नहीं देख सकती , माँ का दिल तो आखिर माँ का दिल होता है | इस बात की पुष्टि के लिए 'मेरा छोटा –सा निजी पुस्तकालय' पाठ से उदाहरण दीजिए |

**ग)** गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई ? 'गिल्लू' पाठ के आधार पर लिखिए |

## <u>खंड घ ( लेखन 20 अंक )</u>

**प्रश्न 12) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय पर 120 शब्दों में</u> एक अनुच्छेद लिखें–** **(5)**

क) **बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव**

संकेत बिंदु: अवहेलना से तात्पर्य, क्यों है ज़रूरी सम्मान, चेहरों की चमक कैसे लौटे

**अथवा**

ख) **समय सबसे बलवान है**

संकेत बिंदु: समय / काल का महत्त्व, सुख- दुःख का आवागमन, समय की बारीकी को समझना और उसके अनुसार कार्य करना, बुरे समय में हार नहीं मानना

**प्रश्न13) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में एक पत्र लिखें–** **(5)**

क) अपने प्रिय मित्र को पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए कि कठिन समय में उसने किस तरह आपका साथ दिया |

**अथवा**

ख) मित्रों की गलत संगति के प्रभाव से आपके छोटे भाई/ छोटी बहन को झूठ बोलने और दिखावा करने की आदत पड़ गई है । जीवन में सत्य , सरलता और सादगी का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई / छोटी बहन को पत्र लिखिए |

**प्रश्न14) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में संवाद लिखें–** **(5)**

क) घर आए मेहमान और मेज़बान के मध्य संवाद

**अथवा**

ख) मोहल्ले में दूषित पानी की आपूर्ति से होने वाले नुकसान के विषय में दो महिलाओं के मध्य संवाद

**प्रश्न 15) निम्न चित्र का वर्णन 100 शब्दों में करें-** **(5)**

